
ANTI RAGGING
SAY NO TO BULLYING

# एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत निकाली जागरूकता रैली




सुजानपुर कॉलेज के छात्र जागरूकता रैली निकालते हुए।

**सवेरा न्यूज/संवाददाता,** सुजानपुर, 13 अगस्त : स्थानीय राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह के दूसरे दिन छात्रों ने मुख्य बाजार में जागरूकता रैली निकाली। रैली में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैगिंग मुक्त परिसर और नशा छोड़ो, शिक्षा से नाता जोड़ो जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय की एंटी रैगिंग समिति ने बताया कि नए विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।